सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सोमवार 07.10.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 170

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की हड़ताल आज से

**तोपचांची।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आठ सूत्री मांगों को लेकर धनबाद जिला की सभी सेविका-सहायिकाओं की बेमियादी हड़ताल 7 अक्टूबर से शुरू हो रही है. 7 अक्टूबर से शुरू होने वाली आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के बेमियादी हड़ताल से धनबाद जिला के हजारों केन्द्रों में ताला लटक जाएगा. हजारों बच्चों को मिलने वाली पोषण युक्त आहार भी हड़ताल के कारण बंद हो सकती है. टीकाकरण, बीएलओ का काम भी प्रभावित हो सकता है. शनिवार को बेमियादी हड़ताल में जाने को लेकर धनबाद उपायुक्त , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है. हड़ताल धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर 7 अक्टूबर से शांति पूर्ण तरीके से किया जाना है।

## शत्रुधन ने शेड का शिलान्यास किया

**कतरास।** छाताबाद 5 नंबर स्थित बजरंगबली मंदिर के शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के प्रतिनिधि शत्रुघन ने किया। उन्होंने कहा कि इस मंदिर को भव्य रूप का आकार देंगे। कार्यक्रम का संचालन डब्लू हाडी ने किया। भाजपा नेता वशिष्ठ चौहान, मुकेश झा, आनंद यादव, राजेंद्र दास, जितेंद्र शर्मा, राजेश भुईयां, अमित दास, बंटी नोनिया, रोशन चौहान, संजय ठाकुर, विनोद साहु, सुजीत गुप्ता, राजेश केसरी,शंकर हाड़ी, मोहन हाड़ी, छोटू यादव, गोपाल दास, महेंद्र रजक, बिक्रम ठाकुर, रवि हाड़ी, बजरंगी हाड़ी, राजेंद्र दास आदि उपस्थित थे।

## बाघमारा में महागठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी

**कतरास।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का अंगारपथरा में कार्यालय का उद्घाटन बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आरसीएमयू के किसी भी कार्यकर्ता को डरने की जरूरत नहीं है। जहां जरूरत होगी में हाजिर रहूंगा। बाघमारा में बदलाव हो चुका है। पिछली बार मात्र 800 वोट से चूक गए। जलेश्वर बाबू रिकाउंटिंग का चैलेंज करते हो तो बदलाव हो जाता । इसी के चलते विधायक लोकसभा चले गए। इस बार बाघमारा में महागठबंधन का विधायक होगा। मौके पर आरसीएमयू के जेनरल सेक्रेटरी एके झा, शकील अहमद, मो. सदाब परवेज, जुबेर खान, रामप्रीत यादव, रवि चौबे आदि मौजूद थे।

## महुदा में पुलिस का फ्लैग मार्च, सौहार्द बनाने की अपील



**महुदा ।** दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु महुदा पुलिस ने रविवार की दोपहर फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम महुदा बाजार एवं तेलमोचो होते हुए थाना क्षेत्र के सभी पंडालों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने हेतु स्थानीय लोग एवं पूजा कमिटयों से सहयोग की अपील किया। एस.आई प्रदीप कुमार, एएसआई पतरस तिग्गा, एएसआई मनोज लकड़ा, धनेश्वर सिंह के अलावा महुदा एवं जिला पुलिस बल के दर्जनों जवान शामिल थे।

# धनबाद जिले के नौ युवकों से लाखों रुपये की ठगी

### रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा

खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** कुमारधुबी के सात एवं धनबाद के दो युवकों से रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.70 लाख की ठगी कर ली गयी है। ठगों ने ज्वानिंग एवं ट्रेनिंग लेटर दिखा युवकों को नौकरी का लोभ देकर झांसे में लिया। ठगी का शिकार नौ युवकों में शिवलीबाड़ी रहमतनगर निवासी पैर से लाचार एक दिव्यांग है, जिससे सबसे अधिक 58 हजार पांच सौ रुपए ठगी की गयी है। इस संबंध में रहमतनगर निवासी मो. वसीम ने कुमारधुबी ओपी में एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिकायत नहीं ली गयी। नसीम ने आरोप लगाया कि ओपी प्रभारी ने यह कहकर आवेदन लेने से इंकार कर दिया, कि मामला उनके ओपी क्षेत्र का नहीं है। वह मायुस होकर घर लौट आया और पत्रकारों को यह जानकारी दी।

### कैसे ठगे गये नौ युवक

वसीम ने बताया कि परिचित अली मुहल्ला निवासी महमूद आलम ने 08 जून 2024 को अपने घर पर बुलाया। जहां पहले से बैठा लोको लाइन, हरिजन स्कूल, गुरुद्वारा गली, केन्दुआ बाजार, कुल्टी, जिला बर्दवान (पश्चिम बंगाल) निवासी विष्णु शर्मा से अपना करीबी दोस्त कह कर परिचय कराया। कहा कि विष्णु का रेलवे विभाग में अच्छी पैठ है। कुछ रुपए खर्च करने पर सेटिंग गेटिंग से रेलवे में नौकरी दिला देगा। विष्णु ने भी झांसे में लेकर कहा कि उसे रेलवे से पांच साल का टेंडर मिला है। महमूद का करीबी दोस्त होने के नाते मैं झांसे में आ गया। इसके बाद जरूरी कागजात देते हुए महमूद के हाथ में 46 हजार रुपए नगद दे दिया। विश्वास दिलाने के लिये विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनिंग भी करायी। ज्वाइनिंग लेटर दिखाया लेकिन दिया नहीं। और आठ युवकों से रुपए दिलाने को कहा। कहा कि आठ युवकों की व्यवस्था करो तभी तुम्हें नौकरी मिलेगी। उन आठ युवकों ने भी नगद व आनलाइन भुगतान किया। कुछ दिन मुझे ट्रेनों की टाइमिंग लिखने का काम दिया गया। कुमारधुबी स्टेशन पर जानकारी मिली कि वो ठगी का शिकार हो गया है। जब विष्णु शर्मा से रुपए लौटाने की बात कही तो जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि मो वसीम ठगी की लिखित शिकायत करने आया था। मामला पश्चिम बंगाल कुल्टी थाना से जुड़ा था। इसलिये कुल्टी थाना में एफआईआर दर्ज कराने को कहा गया।

### ठगी के शिकार युवक

मो. वसीम-46 हजार, दिव्यांग मो. फिरोज-58.5 हजार, सनोव्वर अंसारी-10 हजार (सभी रहमत नगर), इमरान अंसारी-13 हजार, तौफिक कुरैशी-31 हजार, कुतुबुद्दीन अंसारी-40 हजार (सभी अंसार मुहल्ला) एवं अली मुहल्ला निवासी इमरान अंसारी-40 हजार के अलावे धनबाद के मन्नान खान-40 हजार व फहीम आलम-30 हजार शामिल हैं। सभी ने नगद एवं आनलाइन भुगतान किया है।

## जीटी रोड पर हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल, हालत गंभीर

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले के जीटी रोड पर सड़क दुर्घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। एक के बाद एक लगातार घटनाएं हो रही है। रविवार को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर लोहारबरवा के समीप सड़क दुर्घटना घटना हुई। घटना के बारे में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां उनका ईलाज चल रहा है। बताया जाता है कि कार में सवार लोग धनबाद से डुमरी जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन कार को टक्कर मारकर आगे निकल गया। कार में एक महिला सहित दो लोग सवार थे। सभी की हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुंची। आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली तथा क्षतिग्रस्त कार कार को क्रेन से हटाकर थाना ले गई। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो पायी थी। पुलिस मामले कि छानबीन कर रही है। ज्ञात हो कि शनिवार को भी जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए थे। जिनका एसएनएमएमसीएच में इलाज चल रहा है। आए दिन इस सड़क पर लोग हादसे का शिकार हो रहे है। लेकिन स्थानीय प्रशासन व नेशनल हाइवे आथोरिटी इसे रोकने में नाकाम है।

# जुझारू प्रत्याशी उतारने पर भाजपा की हार निश्चित

खबर मंत्र संवाददाता



**कतरास।** गुजराती धर्मशाला कतरास में रविवार को भाकपा माले (लिबरेशन) की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विस्थापन की समस्याओं के निराकरण की दिशा में सार्थक पहल करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष मंडली में सरस्वती देवी, सोनिया देवी, रेखा बाउरी, सुनीता सिंह, संगीता महतो शामिल थी। शहीद कामरेडों के प्रति शोक संवेदना प्रकट कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। भाकपा माले पोलित ब्यूरो के सदस्य हलधर महतो ने भाजपा को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने हुए कहा कि एकजुटता के साथ चुनावी मौदान में उतरने पर ही जीत सुनिश्चित होगी। इंडिया गठबंधन बाघमारा विधानसभा में स्वच्छ व संघर्षशील छवि के प्रत्याशी उतारे तो भाजपा की हार तय है। आकाशदीप महतो ने कहा कि बाघमारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं विस्थापन के मुद्दों पर कभी भी सदन के अंदर या बाहर आवाज उठाने का काम नहीं किया है। कामरेड एके राय के रास्ते शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के वास्ते भाकपा-माले को बाघमारा क्षेत्र में मजबूत करने की आवश्यकता है।आइएसएम के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. केपी अजीत, दिल्ली यूनिवर्सिटी के डारामप्रवेश कुशवाहा, आशा देवी, कार्तिक महतो, केपी दत्त, रामेश्वर साव, देवनंदन महतो, भैरवनाथ महतो, सुनील महतो, भीम महतो, हरदम सिंह, मानिक महतो, ठाकुर महतो, रॉबिन महतो, मुकुंद महतो, मुन्ना खान, शंकर रजक, अभय कुमार पांडे, बबलू गोंजु, पन्नालाल बीपी, अर्जुन प्रजापति, कपूर प्रजापति, उपेंद्र कुमार, प्रकाश , शंकर कुमार, वीरू महतो, जितेंद्र कुमार सिंह, शंकर महतो, सूरज मोदक आदि ने संबोधित किया।

## माले ने विधानसभा चुनाव की शुरू की तैयारी

**मैथन।** भाकपा माले के निरसा लोकल कमिटी की बैठक रविवार को सेन्ट्रल पुल कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता हरेन्द्र सिंह व संचालन सुनील गिरि ने किया।मौके पर हरेन्द्र सिंह ने कहा कि झारखंड विधान सभा के चुनाव की तैयारी शुरू कर दें। चुनाव में निरसा सीट से माले प्रत्याशी का जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से लग जाना है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर कमिटी बनाने का काम शुरू कर दें। हर बूथ कमिटि में 15-20 सदस्य होंगें। बैठक में निर्णय लिया गया कि माले नेता कॉमरेड जनार्दन हरिजन के पुण्यतिथि के अवसर पर 9 अक्टूबर को बलियापुर के मोदीडीह में निरसा से सैंकड़ो लोग हिस्सा लेगें।

एक नजर में

## मास ने जरूरतमंद बच्चों दो दिये नये कपड़े




**मैथन।** मैथन आदर्श सेवा समिति (मास) ने रविवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दुगार्पूजा एवं दीपावली पर्व के उपलक्ष में मैथन तथा आसपास के गांवों के 65 जरूरतमंद बच्चों के बीच नए वस्त्रों का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीवीसी के महाप्रबंधक (ट्रांसमिशन) अभिजीत चक्रवर्ती और विशिष्ट अतिथि मैथन थाना प्रभारी आकृष्ट अमन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव शंकर गांगुली ने किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन पाठक विकल, संगठन सचिव गोराचंद मंडल, सुदामा शर्मा, रेवा सेनगुप्ता, रिंकू घोष, संगीता गांगुली, दीपाली बनर्जी, विपुल मंडल, अतनु दास, अमरकांत मालवीय, जयंत गांगुली आदि उपस्थित थे।

## सीपीआईएम ने सिंदरी में चलाया डब्बा कोष संग्रह अभियान



**सिंदरी ।** सीपीआईएम ने सिंदरी में प्रस्तावित 19 अक्टूबर से दो दिवसीय जिला सम्मेलन के लिए शहरपुरा बाजार, हटिया और भुँजाजा चौक में डब्बा कोष संग्रह अभियान रविवार को चलाया गया। कोष संग्रह में आम जनता से उत्साह पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। सीपीआईएम लोकल समिति के सचिव विकास ठाकुर ने कहा कि हमारी पार्टी किसी भी कारपोरेट घराने से चंदा नही लेती है। कोष संग्रह अभियान में गौतम प्रसाद, सुबल चंद्र दास, राम लायक राम, शिबू राय, प्रमोद कुमार सिंहा थे।

## लाभुकों के बीच बॉयलर चूजा का वितरण



**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय नारायणपुर में रविवार को मुर्गी पालन करने के लिए लाभुकों के बीच बॉयलर चूजा का वितरण किया। वितरण जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विद्यासागर एवं नारायणपुर प्रमुख अंजना हेंब्रम ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 20 लाभुकों के बीच मुर्गी पालन करने हेतु चुजा का वितरण किया गया। सभी लाभुकों को 90 एवं 75 प्रतिशत के अनुदानित राशि में लाभुकों के बीच बॉयलर चुजा का वितरण किया गया। मौके पर जिले के डीएचओ डॉ. विद्यासागर ने लाभुकों को मुर्गी पालन के बारे में जानकारी देकर उसका पालन करने की विधि बता कर उसके बीमारी तथा रोकथाम के उपाय बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं है। जिसका लाभ लेकर इस क्षेत्र के पशुपालक मुर्गी पालन कर अपना रोजगार को बढ़ाकर अत्मनिर्भर बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना का लाभ लाभुकों को अनुदान पर दे रही है। जिसका लाभ लेकर लाभुक लाभांवित होंगे। मौके पर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय नारायणपुर के भ्रमणशील पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुशील टुडू, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. सुनील प्रसाद सिंह, मो. सलाऊदीन अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## साहित्योदय की धनबाद इकाई का पुनर्गठन, रिंकू दुबे बनीं अध्यक्ष




खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय की धनबाद जिला इकाई का पुनर्गठन कर दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्द्धन मिश्र के मार्गदर्शन में रिंकू दुबे वैष्णवी को अध्यक्ष, प्रियदर्शिनी पुष्पा को उपाध्यक्ष, सुधा मिश्रा को उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी, संतोष ओझा सचिव, ब्रजेश पाण्डेय और सरिता पांडेय संयुक्त सचिव, प्रीति कर्ण प्रवक्ता, कृष्णदेव यादव को व्यवस्थापक बनाया गया है। संजय सिंह चंदन को मार्गदर्शक और डॉ सुदेश चुघ को संरक्षक बनाया बनाया गया है। संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि साहित्योदय पिछले 7 वर्षों से साहित्य कला और संस्कृति की सेवा में लगा है। धनबाद इकाई के पुनर्गठन से कोयलांचल के रचनाकारों को एक नया आयाम मिलेगा। नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए प्रियम ने उम्मीद जतायी है कि सभी अनुभवी, युवा और ऊर्जावान लोग हैं जिनके सहयोग से इस क्षेत्र में साहित्य का वास्तविक उदय होगा। साहित्योदय ने अबतक 3 हजार से अधिक नवोदित कवि व लेखकों को वैश्विक मंच प्रदान किया है। साहित्योदय प्रकाशन के जरिये दर्जनों पुस्तक और पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन भी हो रहा है। आगामी 4 दिसम्बर को हरिद्वार में शिवायन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धनबाद से ही करीब एक दर्जन रचनाकार शामिल होंगे।

## धनसार में कल लगेगा रोजगार मेला




**धनबाद।** स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए 8 अक्टूबर को धनसार में डॉ. पीएन वर्मा फाउंडेशन की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। फाउण्डेशन ने 300 युवक-युवतियों को रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। उक्त जानकारी रविवार को एलसी रोड स्थित डॉ. वर्मा के आवास में पत्रकारवार्ता आयोजित कर फाउण्डेशन के प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मेला में टेक्स्ट्रॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मेघावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड,ओम लॉजिस्टिक्स,हीरो महिंद्रा ऐंड महिंद्रा,सुपर जीप सहित कई अन्य मल्टीनेशनल कंपनी भाग ले रही है। चयनित युवाओं को दिल्ली, नोयडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि बड़े शहरों में नौकरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था कई समाजिक कार्य करती है। उसी कड़ी में यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें हमारे कुछ एनजीओं के साथी सहायोग कर रहे है। मौके पर एनजीओ स्वाका के आनंद शर्मा, विकास कुमार, पी एन फाउंडेशन के आलोक अग्रवाल, सरिता अग्रवाल राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# हार्ड कोक भट्ठा में मजदूर की मौत

खबर मंत्र संवाददाता



**राजगंज।** राजगंज थाना अंतर्गत दलदली में सीताराम सिंह हार्ड कोक भठ्ठा मे एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कोयले की पिसाई मशीन में कार्य कर रहे इस मजदूर की मशीन की चपेट में आ जाने के कारण मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही राजगंज थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। साथ है बड़ी संख्या में परिजन और आसपास के लोग जमा हो गए । मृतक मानिक बेसरा 45 वर्ष हरलाडीह का रहने वाला था । उसके परिवार में पत्नी सहित पांच पुत्र है। बताया जा रहा है की मृतक अपनी शादी के पूर्व से यहां काम कर रहा है। मुवावजा और अन्य मदद के लिए लोगो ने प्रबंधन से वार्ता की । मगर प्रबंधन से वार्ता विफल हो गई और लोग आक्रोशित होकर सड़कों पर उतर गए। सड़क जाम की गई हल्ला हंगामा भी हुआ लेकिन प्रबंधन झुकने का नाम नही ले रही है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम के बाद गेट पर धरने पर बैठे लोग। वहीं लोगों का आरोप है की इस भट्टे में कर्मचारियों के लिए कोई सुरक्षा का इंतजाम नहीं है उन्हें ना तो हेलमेट दिया गया है ना हीं सुरक्षित कपड़े दिये गये हैं।

# घटक दल भाजपाईयों की बढ़ा सकते हैं मुश्किलें

### विधानसभा चुनाव में जदूय, लोजपा के बाद राष्ट्रीय लोक दल ने भी की छह सीटों की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के घटक दल के रूप में राष्ट्रीय लोक दल भी चुनाव मैदान में उतरेगी। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। बड़ी संख्या में लोग पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कर रहे है। यह जानकारी रविवार को गांधीसेवा सदन में पत्रकारवार्ता आयोजित कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीपी लाला ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी में 20 लाख सदस्य को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। टुण्डी, बाघमारा, बेरमो, गिरिडीह, हजारीबाग और पूर्वी जमशेदपुर सीट से चुनाव लड़ने को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ बातचीत चल रही है। इन सीटों पर हमलोग मजबूत स्थिति में है और एनडीए को जीत दिलाने का भी काम करेंगे। इसके बाद बात नहीं बनी तो हमलोग अपने दम पर राज्य कि 50 से 50 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीए में कोई फुट नहीं है, हमसभी एकजुट है। भाजपा से वहीं सीटे मांग रहे है, जहां वह कमजोर है। मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकान्त श्रीवास्तव, महासचिव अमित ड्डागत, महासचिव प्रदीप कुमार सिंह, महासचिव संदु कुमार सिन्हा इत्यादि लोग थे।

# 300 से अधिक पंडालों में विराजेंगी मां भवानी

## रंग बिरंगे लाईटों से जगमग होंने लगीं धनबाद की सड़कें

### धनबाद में दुगार्पूजा की तैयारी अंतिम चरण में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** जिले में शारदीय नवरात्र की धूम अब सभी जगह दिखने लगा है। 300 से अधिक बड़े आयोजनों की तैयारी अंतिम चरण में है। मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे है। शहर के एलसी रोड में मनमोहक विद्युत साज सज्जा लोगों को अपनी ओर आज से आकर्षित करने लगी है। लोग शाम ढ़लते ही इस सड़क पर जमा होंने लगे है। भूत-बैताल, परी, रंग बिरंगे लाईटों से जगमगाते पौधे की सेल्फी लेने की होड़ मची है। अन्य स्थानों पर भी इसबार पूजा में लाईटिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इधर जिला स्तरीय शांति समिति कि बैठक में सभी बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारियों को शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा चुके है। रूट निर्धारण भी किया जा चुका है। 9 से 12 अक्टूबर तक जिला का कंट्रोल रूम सक्रिय हो जायेगा। वहीं पूजा समितियों को भवन प्रमंडल, अग्निशमन विभाग और बिजली निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के आदेश दिये जा चुके है। सभी पंडालों और मेले में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र और सीसीटीवी कैमरे, महिला-पुरूष के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, शौचालय, पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

### ट्राफिक डीएसपी ने किया निरीक्षण

दुर्गोत्सव को लेकर रविवार को ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आज बैंक मोड़ बिरसा चौक, जेपी चौक, मटकुरिया, धनसार चौक, जोड़ाफाटक, मनईटांड़, बरमसिया, चिरागोड़ा, हीरापुर आदि जगहों का निरीक्षण किया गया है। कहां कहां बैरिकेटिंग लगाने कि जरूरत है, कहां कहां वनवे की जरूरत पड़ेगी, इनकी जांच पड़ताल की गई है। 9 अक्टूबर को दिन के 2 बजे से यातायात नियम सख्ती के साथ लागू कर दिया जायेगा, जो 12 अक्टूबर तक जारी रहेगी। ताकि भीड़ में किसी श्रद्धालु को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जहां बैरिकेटिंग की जायेगी, वहां किसी भी तरह के वाहन पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। बहुत जगह तंग रास्ते है, वहां वन वे कि व्यवस्था रहेगी। नियम तोड़ने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था की जायेगी, वहीं वाहन पार्क करना होगा। यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए समितियों के वॉलंटियर कि मदद भी ली जायेगी। अभी तत्काल चौक चौराहों और बाजारों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। ताकि बाजार में लोग आराम से खरीदारी कर सके।

## स्पीड न्यूज

### अपराध पर नियंत्रण पहली प्राथमिकता : चिंतामणि रजक



**सिंदरी ।** गौशाला ओपी प्रभारी के पद पर धनबाद अभियोजन कोषांग से तबादला कर नवपदस्थापित चिंतामणि रजक ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता होगी। कोयला, बालू, लोहा सहित किसी भी प्रकार के अवैध कारोबारियों पर लगाम कसने का काम गौशाला ओपी पुलिस करेगी। इसके साथ ही जनता की समस्याओं को सीधे संपर्क कर सुलझाने में पुलिस त्वरित कारवाई करेगी।

### 78 ग्रामीणों के नेत्रों की हुई जांच



**कतरास।** लायंस क्लब बाघमारा के तत्वावधान में ट्रेड प्वाइंट , हीरक रोड जमुआटांड में रविवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष लायन डा. मुकेश कुमार राय तथा चेयरपर्सन खुशवंत देवा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शार्प साइट आई हॉस्पिटल धनबाद के चिकित्सकों की टीम ने जमुआटांड, खोदोवली, डुमरा आदि जगहों के 78 ग्रामीणों के आंखों की जांच की तथा सुरक्षा के उपाय बताए। जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डा मनीषा कुमारी, सागर सिंह, सत्यम श्रीवास्तव, राहुल कुमार ने की। सफल बनाने में उपाध्यक्ष किशुन लाल महतो, पूर्व अध्यक्ष सह क्लब प्रशासक एस एन राय, सुभाष वर्णवाल, गोपाल अग्रवाल, डा मनोज सिंह, अरविंद दुबे, अमरजीत कुमार, राम साव, शंभू गोप आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### टाटा सिजुआ कोलियरी में अखंड हरि कीर्तन

**सिजुआ।** टाटा सिजुआ कोलियरी परिसर में 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ रविवार को हुआ। पंडित उमा शंकर पांडेय ने पूजन संपन्न कराया। यजमान के रूप में हरिश सिंह हैं।? धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो उठा है। सोमवार को पूणार्हुति के साथ कीर्तन का समापन होगा। राकोमयू के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अजय राय, पंचम सिंह आदि थे।

### पदक तालिका में अंडर 17 धनबाद बना विजेता

**गोविंदपुर।** रांची मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता दिनांक 04 से 05 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें धनबाद अंडर 17 की टीम बनी विजेता जिसमें नेहरू बाल अकादमी के बच्चों ने दो स्वर्ण पदक दो कांस्य पदक जीते जिसमें स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बच्चे युवराज सिंह, प्राची राय ,तथा कांस्य पदक प्राप्त करने वाले बच्चे रितु कुमारी ,सोनम कुमारी, स्कूल के प्राचार्य राजीव मंडल ट्रस्ट की संचालिकाआई श्रीमती लक्ष्मी मंडल कोच भवानी कुमार चौहान एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### सियार ने मां बेटे को जख्मी किया

**लोयाबाद।** सेन्द्रा तीन नंबर में शनिवार को सियार ने मां-बेटे हमलाकर घायल कर दिया। शाम में दोनों पास के तालाब में नहाने गए थे। पहले सियार ने बेटे पर हमला किया। जब मां बेटे को बचाने आई तो, उसपर हमला कर लहूलुहान कर दिया।

# भाजपा नेता आदिवासियों से करते हैं दुर्व्यवहार : इरफान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के धोबना से कारीटांड के बीच 1 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रविवार को । इसका निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया जा रहा है। शिलान्यास के बाद ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि यहां के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी जिसे आज पूरा किया गया है। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार को एक बेहतरीन सोच वाली सरकार बताते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड सरकार को मजबूती के साथ एक बार फिर से राज्य की बागडोर सौंपने की बातें कही। मंत्री ने कहा की वे जामताड़ा विधानसभा में विकास का काम कर रहे हैं। इनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्य से विपक्षी की नींद हराम हो चुकीं है। भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि जो आदिवासी नेता भाजपा में है उसे कभी सम्मान नही मिलेगा।इस अवसर पर मो इकराम , मो शामी, मो दिलावर , मुखिया लोबेश्वर हेंब्रम , उपमुखिया इरफान अंसारी पंचायत समिति सदस्य दिलीप मुर्मू सहित सैकड़ो संख्या में लोगों उपस्थिति रही।

# दुर्गा पूजा को लेकर चिरकुंडा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दुगार्पूजा को लेकर जिले भर में सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए जिले भर के सभी थाना प्रभारीयो के साथ बैठक कर चुके है तथा कई निर्देश भी दिए गए हैं एवं जिले के संबंध सभी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजन कर आगामी दुगार्पूजा सौहार्द पूर्ण मानने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा सभी पूजा समितियां को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह सप्तमी से पहले पूरे पूजा पंडाल को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रखने का काम पूरा कर लें. खासकर इन और आउट में बेहतर कैमरे लगाने का निर्देश पूजा समितियां को दिया गया है. सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं इसकी जांच के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है. शहर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले पूजा पंडालों का विजिट कर बाकायदा, सीसीटीवी को चेक करेंगे जो भी दर्शनार्थ पूजा के दौरान घूमने फिरने आए उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानियां न हो एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने की बात की ही गई है, उसी के तहत रविवार की संध्या चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामजी राय अपने दल बल के साथ पूरे चिरकुंडा क्षेत्रो में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को यह संदेश दिया की सभी नगरवासी दुर्गा पूजा को सौहार्द एवं शांतिपूर्वक बनाएं।



# सिंदरी बस्ती के लोग फिर चुनाव का बहिष्कार करने पर हुए आमदा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी बस्ती के लोगों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गत लोकसभा चुनाव में चुनाव का बहिष्कार किया था। चुनाव के बाद मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने का आश्वासन देकर जिला प्रशासन ने मतदान के दिन लगभग एक बजे चुनाव बहिष्कार को खत्म करवाया था।सिंदरी बस्ती के लोगों ने दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को बैठक कर बताया कि पिछले चार माह के बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। ग्रामीण भक्तिपद पाल ने बताया कि उपायुक्त धनबाद को स्थिति से अवगत कराया गया है। जिला प्रशासन ने सोमवार को हर्ल प्रबंधन और ग्रामीणो की त्रिपक्षीय बैठक बुलाई है। भक्तिपद पाल ने कहा कि सिंदरी बस्ती के लोग सिंदरी खाद कारखाने के विस्थापित हैं। लगभग 75 साल के बाद भी विस्थापन प्रमाण पत्र नही मिला है। इसलिए आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिससे राज्य सरकार के किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास आसन्न विधानसभा चुनाव बहिष्कार के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर भक्तिपद पाल, भोलानाथ रजवार, मेघनाथ गोराईं, दीनबंधु रजवार, शुभंकर पाल, प्रवीण मल्लिक, तारक प्रमाणिक, संजय पाल, आलोक चौधरी, कालीपद मल्लिक, कलिका देवी, गुलाबी मल्लिक, रोमा देवी, कौशल्या देवी, काजल मल्लिक, दीपाली मल्लिक, टीनू मल्लिक, कल्याणी देवी, सुंदरी देवी, नीलू देवी, चुन्नी मल्लिक सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भाटडीह ओपी के नये प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण

**महुदा।** भाटडीह ओपी के नये प्रभारी अनिल मंडल ने पद भार ग्रहण किया। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, शांति, विधि-व्यवस्था को दुरूस्त रखने को अपनी पहली प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है।

### ई-रिक्शा चोर की जमकर हुई धुनाई

धनबाद । कोयलांचल अब चोरों की नजर ई-रिक्शा (टोटो) पर है। आए दिन इन वाहनों की चोरी की घटनाएं घट रही है। रविवार की अहले सुबह चोरों ने हीरापुर माडा कॉलोनी में घटना को अंजाम देकर ई-रिक्शा लेकर भाग रहे थे। तभी स्थानीय लोगों कि नजर चोरो पर पड़ी। उन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया, लेकिन घटना में शामिल तीन में से दो चोर भागने में कामयाब रहे। एक को पकड़कर भीड़ ने जमकर धुनाई कर दी। घटना कि सूचना मिलने पर सदर थाने कि पुलिस मौके पर पहुंची, भीड़ से बचाकर चोर को अपने साथ थाना ले गई।

### कथावाचक पहुंचे गोपालीचक बजरंगबली मंदिर



**पुटकी।** प्रसिद्ध कथावाचक बृजेश जी महाराज (वृन्दावन ) रविवार को गोपालीचक 2 नंबर पारबाद पुल स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना किया। इसके बाद गोपालीचक 2 नंबर स्थित महारानी स्थान में भी पूजा अर्चना की। मौके पर अनिल शर्मा, गोपाल गुप्ता,नागेश्वर चौधरी, नरेश भारती, राजेश भारती, बलवीर यादव, भोला शर्मा, भगत सिंह, अभिनव सिंह, अजय पासवान, उत्पल झा, कमलेश उपाध्याय,पंकज दुबे आदि मौजूद थे।

### डेफोडिल्स अकादमी में महिषासुर मर्दिनी वध कार्यक्रम का आयोजन



**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स अकादमी में दुर्गा पूजा के मद्देनजर महिसासुर मर्दनी वध सहित कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें महिषासुर मर्दिनी, डांडिया ढांकेर ताले, धनुची नृत्य, नवदुर्गा, शिशिरे-शिशिरे बाजलो तोमार आलोर बेणु गाना मे नृत्य, प्रमुख था। महिषासुर मर्दिनी में मां दुर्गा का जीवंत रुप देखने लायक था। विद्यालय प्रांगण दुर्गा पुजा उत्सव का माहौल बना हुआ था। उप- प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी ने चंडीपाठ किया। धनबाद बार के वरिष्ठ अधिवकता राधेश्याम गोस्वामी एवं किडस पैराडाइस स्कुल, धनबाद के प्राचार्य अनिल सिंह ने कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा किए। विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी ने राधेश्याम गोस्वामी एवं अनिल सिंह को मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवाशीष मुखर्जी, कविता दत्ता, झुमा दत्ता, डोली सिंह, एस.आर कर, चंदन पासवान, अनिल सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### एनएसी मार्केट के दुकानदारों पर लगी पेनाल्टी पर रोक

**सिंदरी ।** शहरपुरा बाजार स्थित एनएसी मार्केट के दुकानदारों का बकाया भाड़े पर 10 फिसदी पेनाल्टी पर नगर आयुक्त धनबाद ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुरोध पर सांसद ढुलू महतो ने नगर आयुक्त धनबाद से पेनाल्टी पर पुनर्विचार का आग्रह किया था। सिंदरी चेम्बर के सहयोग से धनबाद नगर निगम एनएसी मार्केट सिंदरी के दुकानदारों का बकाया राशि कैंप सोमवार को आयोजित कर रही है। सिंदरी चेम्बर अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू द्वारा जारी वक्तव्य में बताया गया है कि धनबाद सांसद ढुलू महतो की पहल पर इस कैंप में जमा की जाने वाली राशि पर पेनाल्टी की छूट मिलेगी।

# अंडरपास को लेकर महिलाओं का तेतुलमारी में धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** अंडरपास बनाने की मांग को लेकर महिलाओं ने तेतुलमारी के शक्ति चौक के पास धरना दिया। वे आठ लेन सड़क के समीप बसे गांव के लोगों के आवागमन के लिए अंडरपास बनाने की मांग कर रही थी। नेतृत्व कर रही जिप सदस्य वाणी देवी ने कहा कि आठ लेन सडक बने करीब दो वर्ष बीत गया। इस मार्ग से नगरीकला, फाटामहुल, नायकडीह, सोरीटांड, धारजोरी, बैजकारटांड़ जमुआटांड सहित कई गांव सटा हुआ है। सड़क पर वाहनों की रफ्तार इतनी तेज रहती है कि हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसी हालत में ग्रामीणों को सड़क पार करना पड़ता है। जिला प्रशासन को कई बार पत्र देकर समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन नतीजा सामने नहीं आया । धरना के पूर्व महिलाओं ने पैदल यात्रा कर क ?ई गांवो का भ्रमण किया। सभी अपने हाथों पर अंडरपास बनाओ का तख्ती लिए हुए थी। आशा देवी, पूर्णिमा देवी, मीरा देवी, सरिता देवी, चंदा देवी, सुनीता देवी, राधा देवी,संगीता देवी, रीना देवी, उर्मिला देवी, कविता कुमारी आदि शामिल थी।

### थैलिसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों का धरना समाप्त

**धनबाद।** जिले के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के स्थायी इलाज की मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर पीड़ित बच्चों के परिजनों का चल रहा धरना रविवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। धरने का नेतृत्व कर रहे अंकित राजगढ़िया ने बताया कि उपायुक्त ने डीएमएफटी फंड से डे केयर सेंटर खोलने की बात कही है। इसे लेकर सिविल सर्जन, एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक के साथ कांग्रेस नेता मयूर शेखर झा और हमलोगों की बैठक होगी। इसमें सेंटर कहां, कब खुलेगा, इसका फैसला होगा।

## पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ अभद्र टिप्पणी

**मैथन।** नरसिंहानंद द्वारा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी एवं भड़काऊ भाषण को लेकर शिवलीबाड़ी के मुस्लिम समाज में काफी आक्रोश है। रविवार को अहले सुन्नत जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी शिवलीबाड़ी के अध्यक्ष मो. मुख्तार अली ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। उनके नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोग कुमारधुबी ओपी पहुंचे। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने वाले नरसिंघानन्द पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। मो. मुख्तार अली ने कहा कि 29 सितंबर को नरसिंहानन्द ने उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद स्थित दासना मंदिर में मुस्लिम समाज के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ अभद्र और भड़काऊ भाषण सार्वजनिक रूप से दिया है। जिससे पूरे मुस्लिम समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा है। नरसिंघानन्द के खिलाफ बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, जिप सदस्य मो. गुलाम कुरैशी, मौलाना मसूद आलम, हाफिज सरफराज, हाफिज मिन्हाज, अफजाल हुसैन, मुखिया तनवीर आलम, पूर्व मुखिया मो. सनोव्वर, अब्दुल कादिर, जियाउल हुसैन, डॉ. आफताब, अधिवक्ता गुलाम मुस्तफा, मो. आसिफ, मो. कौशर सहित काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## विधायक अपर्णा ने किया करोड़ों की 9 योजनाओं का शिलान्यास

**मैथन।** निरसा स्थित पांडरा मोड़ भाजपा कार्यालय में रविवार को एक साथ नौ योजनाओं का शिलान्यास विधायक अपर्णा सेनगुप्ता द्वारा फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में निरसा में विकास की गंगा बही है। इन पांच वर्षो में मैंने जनता से जितने भी वादे किये थे सब पूरा कर दिए है। चाहे बरबिंदिया पुल का मामला जो या पांडरा मोड़ स्थित समुदायिक स्वास्थ केंद्र का, हाई मास्ट लाइट, सड़क, नाला, सामुदायिक भवन, जहां जहां लोगों ने कहा मैंने उसे पूरा करने का काम किया है।

# जेएलकेएम के धमाकेदार इंट्री से राजनीतिक दलों में खलबली

### जयराम महतो की राजनीतिक यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है ।राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीति और शक्ति प्रदर्शन तेज कर दिए हैं। भाजपा संकल्प यात्रा के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रही है वहीं झामुमो सम्मान यात्रा के माध्यम से अपनी उपलब्धियों और वादों को जनता के समक्ष रख रही है। झारखंड में भाषा और खतियान आंदोलन से उभरे युवा नेता जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने राज्य में राजनीतिक पार्टियों के बीच खलबली पैदा कर दी है। जयराम महतो की पार्टी ने जेएलकेएम ने छः विधानसभा सीट में प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। जयराम महतो की पार्टी राजनीतिक दलों को बड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतारने को तैयार है।

### राज्य के बड़े नेता जयराम के सम्पर्क में

राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जयराम महतो के सम्पर्क में हैं। जयराम महतो ने सिर्फ छह विधानसभा सीटों में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए हैं। अभी तक इनकी पार्टी की गतिविधि और तैयारी बताती है कि आसन्न विधानसभा चुनाव में यह निर्णायक भूमिका अदा करेगी। वहीं जयराम के पार्टी के समर्थक भी अपने प्रत्याशी की जीत के लिए काफी उत्साहित हैं।

### चुनावी मैदान में जेएलकेएम की रणनीति

जेएलकेएम की चुनावी रणनीति स्पष्ट है: वे मुद्दों पर आधारित राजनीति करेंगे और जनता के वास्तविक समस्याओं को लेकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। बेरोजगारी, डोमिसाइल नीति, स्थानीय संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार उनके प्रमुख चुनावी मुद्दे हैं। पार्टी के नेता मानते हैं कि राज्य के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों ने जिन सपनों के साथ इस राज्य की नींव रखी थी, उसे साकार करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। जेएलकेएम ने अब तक किसी यात्रा की शुरूआत नहीं की है, क्योंकि उनका मानना है कि वे पिछले ढाई सालों से लगातार आंदोलन और संघर्ष के माध्यम से जनता तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।

### जयराम महतो का बढ़ता प्रभाव

लोकसभा चुनाव में जयराम महतो ने गिरिडीह लोकसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में उतर कर लाखों मत प्राप्त कर राजनीतिक दलों के माथे में चिंता का लकीर खींच दी है। लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन के बाद जयराम महतो पर राजनीतिक दलों का नजर टिकी हुई है।

